>

Title: Need to open more branches of Nationalised Banks in Salempur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर के लगभग सभी हिस्से पिछड़े हुए हैं और यहां के गरीब किसानों को वित्तीय सहायता नहीं मिल रही है जिसके कारण लोग रोजगार की तलाश में दुसरे राज्यों में पलायन कर जाते हैं और जो लोग अन्य राज्यों एवं विदेशों में हैं, उनको अपने परिवारों को पैसे भेजने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मेरे संसदीय क्षेत्र का एक मेहरौना क्षेत्र विकास खंड लार में है यह क्षेत्र घाघरा और छोटी गंडक नदी के किनारे पर है जहां के अधिकांश लोग विदेशों में हैं। इस क्षेत्र के सर्वाधिक आबादी अल्पसंख्यक परिवार से जुड़ी हुई है। दूसरा क्षेत्र परडी जो विकास खंड बनकटा में है। इस क्षेत्र में पांच किलोमीटर की दूरी पर कोई भी बैंक नहीं है। तीसरा क्षेत्र वीपरपुर मिश्र जो भलूसनी विकास खंड में है। इस क्षेत्र से छः किलोमीटर की दूरी पर कोई बैंक नहीं है। इन क्षेत्रों में बैंकों के अभाव में किसानों को वित्तीय सहायता और सुविधा नहीं मिल पा रही है। बिना वित्तीय सहायता के किसानों को किस तरह से फायदा पहुंचेगा। केन्द्र सरकार की कृषि निवेश एवं अन्य लोन सुविधा का लाभ किसानों को नहीं मिल पायेगा। बैंकों के खोले जाने की मांग ग्रामीण जन पूर्व से कर रहे हैं।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेहरौना, परडी एवं वीपरपुर मिश्र में राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाएं जनहित में खोली जायें जिससे किसानों को वित्तीय सुविधा मिल सके।